दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 12.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 12.09.2023 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोरखपुर के शिक्षक एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत गोरखपुर के महानगर अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार पाण्डेय, सहायक आचार्य, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग ने दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर की नवागत कुलपति महोदया प्रो. पूनम टंडन जी का स्वागत करते हुए विद्यार्थी एवं विश्वविद्यालय हित में उनके द्वारा लिए गए सकारात्मक निर्णय हेतु बधाई दी।

इस अवसर पर डॉ. पाण्डेय ने कुलपति महोदया और रजिस्ट्रार प्रो शांतनु रस्तोगी जी को रक्षा सूत्र बांधते हुए कहा की वर्तमान कुलपति महोदया द्वारा लिया गया निर्णय एक प्रोफेसर एक जिम्मेदारी में उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व एक जिला एक उत्पाद की झलक दिखती है।

उक्त अवसर पर कुलपति महोदया ने कहा की वो अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए सकारत्मक एवं आवश्यक परिवर्तन के साथ विश्वविद्यालय के उन्नयन हेतु कार्य करेंगी। उनके निर्णय के केंद्र में विद्यार्थी प्रमुख रूप से होगा और तनाव मुक्त एवं सौहार्द पूर्ण परिसर के साथ विश्वविद्यालय में सभी कार्य किए जायेंगे।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी, डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह

प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क